संक्षिप्त समाचार.....

चंबल नदी में बहे 2 छात्रों की 20 घंटे से तलाश जारी

रावतभाटा। राणा प्रताप बांध में बहे दो छात्रों की बुधवार को भी तलाश जारी है। 20 घंटे के सर्च के बाद भी दोनों का पता नहीं चल पाया है। रात को अभियान बंद होने के बाद एसडीआरएफ टीम ने बुधवार सुबह फिर से नाव और गोताखोरों के माध्यम से खोज शुरू की। इस दौरान टीम पर मधुमक्खी ने हमला कर दिया। इसके कारण दो बार रेस्क्यू रोकना पड़ा। बुधवार को 9 छात्रों का एक ग्रुप राणा प्रताप बांध के क्षेत्र में बैठा था। दोपहर 1 बजे सायरन बजाकर बांध का एक गेट खोला गया। इस दौरान चुलिया फॉल के पास पिकनिक मना रहे दो छात्र गौरांश और गर्वित तेज बहाव में बह गए। वहीं, उनके सात दोस्त बचकर किनारे आ गए। दोनों की उम्र करीब 18 साल है। दोनों राजस्थान परमाणु बिजलीघर के कर्मचारियों के बेटे हैं। बताया जा रहा है कि बिना बारिश के बांध का एक गेट इसलिए खोला गया, क्योंकि कोटा में बांधों का जलस्तर कम हो गया था। दोनों के साथ मौजूद उनके दोस्त भव्य ने बताया कि जैसे ही सायरन बजा सभी वहां से उठ गए थे। इस दौरान गौरांश और गर्वित पीछे रह गए थे। गौरांश थोड़ा ज्यादा पीछे था। इसलिए गर्वित अपना मोबाइल और चाबी देकर गौरांश को लेने गया, लेकिन इस दौरान पानी का बहाव तेज हो गया और दोनों बह गए।

बाइक और तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर, दो युवकों की मौत

टोंक। जिले के बीसलपुर वनक्षेत्र में बुधवार को माताजी का रावता के पास पिकअप और बाइक की टक्कर हो गई। इसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरे ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। राहगीरों द्वारा सूचना के बाद 108 एम्बुलेंस से दोनों युवकों को देवली के अस्पताल ले जाया गया। जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिए गया। बीसलपुर पुलिस चौकी के सिपाही गोवर्धन शर्मा ने बताया कि बीसलपुर के रहने वाले सुरेन्द्र (20) और राजेन्द्र (23) बुधवार सुबह बाइक लेकर राजमहल पेट्रोल भरवाने गए थे। दोनों युवक पेट्रोल भरवाकर वापस आ रहे थे। इस दौरान वनक्षेत्र में तेज गति से आ रही पिकअप से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि मोटरसाइकिल का आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं, पिकअप रोड के एक तरफ नीचे उतर कर पेड़ से टकरा गई। दुर्घटना के बाद पिकअप चालक घटनास्थल से फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि राजेन्द्र उर्फ बंटी केवट की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं, सुरेन्द्र केवट ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया।

बाघिन की मौत की जांच शुरू, लापता शावक की तलाश

कोटा। राजस्थान के कोटा जिले के मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व में एक और बाघिन एमटी-2 की अचानक मृत्यु के मामले की जांच के लिए राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) ने जांच शुरू कर दी है। इस बीच बाघिन के एक घायल शावक को तो वन्यजीव विभाग की टीम कोटा चिड़ियाघर ले आई जबकि दूसरा शावक अभी लापता है जिसे वनकर्मियों की टीमें तलाश कर रही है। पिछले एक पखवाड़े से भी कम अवधि में इस टाइगर रिजर्व में पहले एक बाघ और अब बाघिन की मृत्यु के बाद चिंतित राज्य सरकार ने इस मामले की उच्च स्तरीय जांच के निर्देश दिए हैं। नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल ने वन मंत्री से इस मामले में जांच कराने और यदि कोई लापरवाही हुई है तो दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने का अनुरोध किया था। केंद्रीय स्तर पर भी इस मामले की जांच के लिए एनटीसीए की टीम भी कोटा पहुंच गई जिसने स्थानीय टाइगर रिजर्व और वन्यजीव विभाग के अधिकारियों के साथ उस स्थान का अवलोकन किया जहां बागिन एमटी-2 का शव मिला था

जयपुर सिटी पैलेस में सांसद दीया कुमारी ने की पूजा

जयपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राम मंदिर की नींव रखी। पूरे देश में उत्सव का माहौल है। राजस्थान में भी लोगों ने इर त्यौहार को मनाने के लिए अपनी तैयारी पूरी कर ली गई है। बुधवार सुबह से ही राज्य में लोगों को भजन गाते और रंगोली बनाते देखा गया। साथ ही लोग दीप जलाने के लिए साफ सफाई करते भी नजर आए। जयपुर के सिटी पैलेस में रामधुनी का आयोजन किया गया। जिसमें परिसर के अंदर फूलों की सजावट की गई है। गुलाब और मोगरा के फूलों पूरे परिसर को सजाया गया है। जहां सीता रामद्वार मंदिर में पूजा की घी। जिसमें सांसद और भाजपा प्रदेश महामंत्री दीया कुमारी भी पहुंची। इसके साथ तीर्थ नगरी पुष्कर में भी भव्य राम मंदिर निर्माण हेतु भूमि पूजन के मौके पर कई आयोजन किए गए। यहां पुष्कर सरोवर के ब्रह्म घाट पर यज्ञ और दुग्धा अभिषेक किया गया। इस दौरान राम-सीता की मूर्ति रख उनका पूजन किया गया।

संस्कृत शिक्षा के छात्रों के लिए शीघ्र होगा 'देववाणी एप' शुरू : गर्ग

जयपुर। राजस्थान के संस्कृत शिक्षा राज्य मंत्री डॉ. सुभाष गर्ग ने कहा हैं कि संस्कृत शिक्षा के कक्षा तीन से 12 (वरिष्ठ उपाध्याय) तक के छात्रों के लिए शीघ्र 'देववाणी एप' शुरू किया जा रहा है। डॉ. गर्ग आज यहां शासन सचिवालय में संस्कृत शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को संस्कृत शिक्षा में सांध्यकालीन विद्यालय संचालन शुरू करने की उपयोगिता एवं इस पर होने वाले व्यय पर विस्तृत चर्चा की तथा इस संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने संस्कृत शिक्षा विभाग में विभागीय अधिकारियों से शीघ्र पदोन्नति करवाने के लिए लोक सेवा आयोग के अधिकारियों से समन्वय कर के निर्देश दिये। उन्होंने संस्कृत शिक्षा विभाग में अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे विभाग की मासिक बैठक आयोजित कर कर्मचारियों के विरुद्ध 16 एवं 17 सीसी के प्रकरणों का समय पर निस्तारण करें।

22 बड़े बांधों में कुल क्षमता का 54 प्रतिशत पानी मौजूद

जयपुर। सावन बीतकर..भादो शुरू हो गया लेकिन प्रदेश में इस बार मानसून उम्मीदों के मुताबिक नहीं बरसा। राज्य में अब तक सामान्य की तुलना में 82 मिमी कम बारिश हुई है। इस मानसून में बांधों के हालात पर नजर डालें तो बीते साल मानसून अच्छा रहने से प्रदेश में ज्यादातर बड़े बांधों की स्थिति बेहतर है और यदि अभी भी अगस्त में जमकर बारिश होती है तो भी कई बांध ओवरफ्लो होने की संभावना है। राज्य के 22 बड़े बांध जिनमें कुल क्षमता 8104.656 एम क्यूएम का 4436.939 एम क्यूएम यानी 54.51 फीसदी पानी फिलहाल शेष है। बीते साल 4 अगस्त तक 315.96 मिमी बारिश हो चुकी थी तब बांधों में केवल 4157.861 एम क्यूएम पानी था लेकिन अगस्त-सितम्बर में भी लगातार जमकर बारिश होने से ज्यादातर बांध ओवरफ्लो हो गए थे।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा टीएडी की समीक्षा

पश्चिमी राजस्थान के भील समुदाय की बेहतरी के लिए बनाएंगे कार्य योजना : गहलोत

नई दिल्ली/जयपुर। मूख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने कहा कि प्रदेश के हर जरूरतमंद को सामाजिक सुरक्षा देना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार टीएसपी क्षेत्र से बाहर पश्चिमी राजस्थान के जैसलमेर, बाड़मेर, जालोर, सिरोही, पाली, जोधपुर आदि जिलों में बिखरे रूप में रह रहे भील समुदाय के परिवारों को मुख्य धारा में लाने के लिए कार्ययोजना बनाएगी, ताकि उनकी शिक्षा एवं सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। उन्होंने इसके लिए एक कमेटी गठित कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। श्री गहलोत 4 अगस्त को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में सभी संभागीय आयुक्त, जिला कलेक्टर एवं संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी भी वीडियो कॉन्फ्रेंस से जुड़े। मूख्यमंत्री ने कहा कि जोधपुर संभाग में आदिवासी छात्रों को

उच्च शिक्षा से जोड़ने के लिए जोधपुर में हॉस्टल एवं कोचिंग इंस्टीट्यूट खोला जाए। इससे इन जरूरतमंद बच्चों को आगे बढ़ने के अवसर मिल सकेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर के आदिवासी समाज की लंबे समय से चली आ रही मांग को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने विश्व आदिवासी दिवस पर सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी को देखते हुए ग्राम पंचायत स्तर पर ही सोशल डिस्टेंसिंग के साथ यह दिवस मनाया जाए। मूख्यमंत्री ने कहा कि पात्र लोगों को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में एनजीओ एवं सोशल एक्टिविस्टों की बड़ी भूमिका रही है। उनके सुझाव योजनाओं के बेहतर एवं पारदर्शी रूप से क्रियान्वयन में उपयोगी होते हैं। खासकर बाल श्रम उन्मूलन, सिलिकोसिस, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना सहित सूचना के अधिकार के माध्यम से पारदर्शिता लाने में इन्होंने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। श्री गहलोत ने युवाओं में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि 15 अगस्त से शुरू होने वाले नशा मुक्ति अभियान को व्यापक एवं प्रभावी रूप से चलाया जाए। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री श्री राजेन्द्र यादव ने कहा कि बाल श्रम के उन्मूलन के लिए संबंधित अधिकारी नियमित रूप से कार्य स्थलों का निरीक्षण करें। खास तौर पर ऐसे उद्योगों का जहां बालश्रम ज्यादा होने की संभावना रहती है। जनजाति क्षेत्रीय विकास राज्यमंत्री श्री अर्जुन बामनिया ने कहा कि जनजाति क्षेत्र के युवाओं को शिक्षा के बेहतर अवसर उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थानों के माध्यम से कोचिंग दिलवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि कोरोना के समय में भी टीएसपी क्षेत्र के 5 लाख किसानों को उन्नत किस्म के मक्का बीज उपलब्ध करवाया गया है। विभागीय योजनाओं का प्रस्तुतीकरण देते हुए शासन सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता श्रीमती गायत्री राठौड़ ने बताया कि राज्य सरकार ने सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुड़े प्रदेश के 78 लाख से अधिक लाभार्थियों को समय पर भुगतान के लिए केंद्रीकृत व्यवस्था लागू कर दी है। उन्होंने बताया कि वन अधिकार अधिनियम-2006 के तहत प्रदेश में उल्लेखनीय काम हुआ है।

असंगठित क्षेत्र के कामगारों के कल्याण को जल्द बनेगा बोर्ड

जयपुर/एजेंसी। मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने प्रदेश में असंगठित क्षेत्र के लाखों कामगारों के कल्याण के लिए बड़ा निर्णय लिया है। उन्होंने इनकी सामाजिक सुरक्षा के लिए 'स्टेट सोशल सिक्योरिटी बोर्ड फॉर अनऑर्गनाइज्ड वर्कर्स' का गठन जल्द करने के निर्देश दिए हैं। यह बोर्ड इन श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की रूपरेखा तैयार करेगा। श्री गहलोत मुख्यमंत्री निवास पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से श्रम तथा कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में सभी जिला कलेक्टर एवं संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी भी वीडियो कॉन्फ्रेंस से जुड़े। मुख्यमंत्री ने वंचित पात्र निर्माण श्रमिकों का भवन एवं अन्य संन्निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड के माध्यम से पंजीयन करने के लिए प्रदेशभर में अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं, ताकि हर पात्र श्रमिक को बोर्ड के माध्यम से संचालित सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने निर्देश दिए कि श्रम विभाग के अधिकारी

चौखटी तथा निर्माण स्थलों पर जाकर वंचित श्रमिकों को पंजीयन कराने के लिए प्रेरित करें। कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए उन्हें उद्योगों की मांग के अनुरूप प्रशिक्षित करना जरूरी है।

भगवान जानकीनाथ के विशेष अभिषेक व दीपोत्सव से झिलमिल हुई आभानगरी

डीडवाना। डीडवाना के आदिसिद्ध स्थान नागोरिया मठ में बुधवार को भगवान जानकीनाथ का विशेष अभिषेक किया गया। साथ ही हरिनाम संकीर्तन भी हुआ। नागोरिया मठ पीठाधीश्वर स्वामी श्री विष्णुप्रपन्नाचार्य महाराज ने भगवान जानकीनाथ का कैंकर्य किया। राजोपचार के साथ भगवान का विधिवत अभिषेक होने के बाद विशेष आरती की गई। ये वही समय था जब अभिजीत मुर्हूत में अयोध्या में भगवान श्रीराम के मन्दिर में नींव रखी जा रही थी। इस दौरान सोशल डिस्टेंसिंग का पालन किया गया। जानकारी देते हुए प्रधान अर्चक सुदर्शनाचार्य ने बताया कि शाम को मंदिर में भव्य दीपोत्सव का कार्यक्रम भी हुआ वही श्रद्धापूर्वक श्रद्धालुओ ने भी अपने अपने घरों के सामने दिए जलाए। इस दौरान शहर का

नजारा देखते ही बनता था। घरो के सामने दिए जलाए गए तो वही आतिशबाजी का नजारा भी देखने को मिला। डीडवाना शहर में भव्य दीपोत्सव की तैयारियां दोपहर से ही शुरू कर दी गई थी। लोगो ने घरो में दिए जलाये तो वही श्रीराम मंदिर के निर्माण कार्य के शुभारंभ के उपलक्ष में गो पुत्र सेना डीडवाना द्वारा डीडवाना के जोगामण्डी में रंगोली, भव्य श्रीराम मंदिर की आकृति बनाकर 2100 दीप जलाकर दीपोत्सव मनाया। जोगामण्डी राजा भर्तृहरि की तपोस्थली है हालांकि इस दौरान कोरोना के मद्देनजर सेफ्टी गाइडलाइंस का ध्यान रखा गया।

कोलिया के मंदिर में भी गूंजे जय घोष

कोलिया के विभिन्न सामाजिक संगठनों की सहायता से गांव के प्रमुख मंदिरों के सामने अलग अलग आकृतियों से सुंदर रंगोलियाँ बनाई और दीपक जलाकर और आतिशबाजी करके भगवान श्रीराम के जयघोष लगाए गए। कोलिया के क्या बच्चे और क्या बुजुर्ग सभी आज एक दूसरे को हाथ जोड़कर जय श्री राम करते हुए प्रसन्न दिखाई दिए तथा कोलिया के श्रीराम मंदिर में भी विशेष रंगोली सजाई गई। जानकारी देते हुए विजय सिंह राखेचा ने सबको मुंह मीठा करवाया। इस दौरान रामावतार सोनी, किशनगोपाल सर्राफ, हर्षवर्धन काकड़ा, विजयसिंह राखेचा, सत्यनारायण स्वामी, महेश राखेचा, चैनाराम सैनी, जितेंद्र आचार्य, ललित कुमार शर्मा, जे पी ओस्त, रामनिवास चाहर, नथमल सोनी, जगदीश प्रसाद सोनी, राकेश राखेचा, सुभाष सैनी, प्रवीण रांकावत, रामावतार सर्राफ, ओमप्रकाश राखेचा आदि उपस्थित रहे।

प्रदेश में 593 नए कोरोना पॉजिटिव केस सामने आए,10 लोगों की मौत

जयपुर/एजेंसी। राजस्थान में कोरोना के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। बुधवार को कोरोना के 593 केस सामने आए। इनमें अलवर में 112, कोटा में 90, झालावाड़ में 64, जालौर में 49, पाली में 44, उदयपुर में 39, जयपुर में 38, बाड़मेर में 33, सवाई माधोपुर में 26, नागौर में 23, राजसमंद में 23, धौलपुर में 19, अजमेर में 13, झुंझुनू में 10, जैसलमेर में 9 और दौसा में 1 पॉजिटिव मिला। जिसके बाद कुल संक्रमितों का आंकड़ा 47272 पहुंच गया। वहीं, 10 लोगों की मौत भी हो गई। इनमें जयपुर में 4, अजमेर में 2, अलवर, कोटा, राजसमंद और सीकर में 1-1 की मौत हो गई। प्रदेश में संक्रमण के सबसे ज्यादा

केस जोधपुर में हैं। यहां 7286 (इनमें 47 ईरान से आए) संक्रमित हैं। इसके अलावा जयपुर में 5936 (2 इटली के नागरिक), भरतपुर में 2692, पाली में 2868, अलवर में 4639, बीकानेर में 2201, नागौर में 1582, अजमेर में 2187, कोटा में 2321, उदयपुर में 1436, धौलपुर में 1370, बाड़मेर में 1615, जालौर में 1227, सिरोही में 904, सीकर में 1190, डूंगरपुर में 642, चूरू में 694 संक्रमित हैं। इसके अलावा, झुंझुनूं में 642, राजसमंद में 673, भीलवाड़ा में 797, झालावाड़ में 703, टोंक में 304, चित्तौड़गढ़ में 318, जैसलमेर में 228 (इनमें 14 ईरान से आए), बांसवाड़ा में 223 मरीज मिले हैं। इसके अलावा, दौसा में 339, बारां में 198, सवाई माधोपुर में 280, करौली में 362, हनुमानगढ़ में 227, प्रतापगढ़ में 194 कोरोना मरीज मिल चुके हैं। श्रीगंगानगर में 277, बूंदी में 221 पॉजिटिव मिला। जोधपुर में बीएसएफ के 79 जवान भी पॉजिटिव मिल चुके हैं। दूसरे राज्यों से आए 189 लोग पॉजिटिव मिले। राजस्थान में कोरोना से अब तक 727 मरीजों की जान जा चुकी है। इनमें जयपुर में सबसे ज्यादा 210 मरीजों की मौत हुई। इसके अलावा, जोधपुर में 81, भरतपुर में 54, अजमेर में 55, कोटा में 36, बीकानेर में 42, नागौर में 31, पाली में 31, धौलपुर में 15, उदयपुर में 12 और सिरोही में 11 मरीजों की जान गई है।

भरतपुर जिले में शनिवार एवं रविवार को रहेगा पूर्ण लॉकडाउन

भरतपुर/एजेंसी।

राजस्थान में कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए कई जगह लॉकडाउन फिर लौट रहा है। बूंदी में सात दिन के लॉकडाउन के बाद कुछ अन्य जगहों पर भी लॉकडाउन किया गया है। भरतपुर में जिला कलेक्टर नथमल डिडेल ने जिले में कोविड-19 संक्रमण के प्रसार को नियंत्रित करने के लिए अग्रिम आदेश तक शनिवार एवं रविवार को पूर्ण लॉकडाउन के आदेश जारी किए हैं। इसके तहत आवागमन पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। सप्ताह के शेष दिनों में वाणिज्यिक गतिविधियों को जारी रखते हुए बाजार खुलने का समय प्रात: 10:00 से शाम 5:00 बजे तक निर्धारित किया गया है। बुधवार को जारी आदेश के अनुसार शनिवार एवं रविवार को लॉकडाउन अवधि में एलपीजी गैस, पेट्रोल पंप रिटेल आउटलेट, मेडिकल दुकान, चिकित्सा संस्थानों पर कोई पाबंदी नहीं होगी तथा आवश्यकतानुसार 24 घंटे खुल सकेंगे। आदेश के अनुसार दूध विक्रय का समय सुबह छह से आठ तथा शाम पांच से सात बजे तक निर्धारित किया गया है। एटीएम एवं बैंक आदि पूर्ववत खुल सकेंगे। शराब की दुकानें राज्य सरकार द्वारा अनुमत समय अवधि में खुल सकेंगी। सभी व्यक्ति कार्य स्थलों पर मास्क पहनेंगे अन्यथा जुर्माना वसूला जाएगा। दुकानदार दुकान खुलने से पूर्व ही सोशल डिस्टेंसिंग की पालना सुनिश्चित करने के लिए दुकानों के बाहर एक-एक मीटर की दूरी पर

गोले मार्किंग कराएंगे। छोटी दुकानों पर एक समय में 2 से अधिक एवं बड़ी दुकानों में एक समय में पांच से अधिक ग्राहक एकत्रित नहीं होंगे। बिना मास्क आने वाले ग्राहकों को सामान नहीं दिया जाएगा तथा उनसे जुर्माना वसूला जाएगा। सार्वजनिक स्थानों पर थूकते पाए जाने वाले व्यक्तियों से जुर्माना वसूला जाएगा। समय-समय पर राज्य सरकार द्वारा जारी चिकित्सकीय गाइडलाइन एवं अन्य दिशा-निर्देशों की पालना करनी होगी।

हाई स्ट्रीट फिलाटेक्स लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय : बी-17, द्वितीय तल, 22 गोदाम औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर-302006
वेबसाइट : www.highstreetfilatex.in
ई-मेल : highstreet.filatex@gmail.com
Corporate Identity Number : L18101RJ1994PLC008386

सूचना

भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड (सूचीकरण दायित्व और प्रकटन अपेक्षाएं) रेग्यूलेशन 2015 के नियम 47 के तहत यह सूचित किया जाता है कि कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक **बुधवार, 12 अगस्त को शाम 4.00 बजे** कंपनी के पंजीकृत कार्यालय बी-17, द्वितीय तल, 22 गोदाम औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर-302006 में आयोजित की जा रही है जिसमें अन्य विषयों के साथ 30 जून 2020 की समाप्त तिमाही के लिए कंपनी के गैर अंकेषित वित्तीय परिणामों पर विचार एवं स्वीकृति दी जायेगी।

यह सूचना कम्पनी की वेबसाईट **www.highstreetfilatex.in** और स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाईट **www.bseindia.com** पर भी उपलब्ध है।

कृते हाई स्ट्रीट फिलाटेक्स लिमिटेड
ह./-
बिमोर कुमावत
स्थान : जयपुर कम्पनी सचिव वं अनुपालन अधिकारी
दिनांक : 05.08.2020 ACS-55710

यूनिक ऑरगेनिक्स लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय : ई-521, सीतापुरा औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर-22 (राज.)
दूरभाष: 91-141-2770315/2770509 सी आई एन : L24119RJ1993PLC007148
वेबसाईट : www.uniqueorganics.com ई-मेल : compliance@uniqueorganics.com

28वीं वार्षिक साधारण सभा, रिमोट ई-वोटिंग जानकारी एवं पुस्तिका बंद की सूचना

एतद्वारा सूचित किया जाता है कि यूनिक ऑरगेनिक्स लिमिटेड (सी आई एन : L24119RJ1993PLC007148) के सदस्यों की साधारण सभा शुक्रवार, 28 अगस्त, 2020 को प्रातः 11:30 बजे वीडियो कान्फ्रेंसिंग/अन्य आडियो विजुअल माध्यम (VC/OAVM) मात्र, द्वारा आयोजित की जाएगी जिसमें AGM की सूचना में निर्धारित बिजनेस का सम्पादन किया जाएगा। कम्पनी मामलात मंत्रालय की साधारण अधिसूचना दिनांक 5 मई 2020 सपठित साधारण अधिसूचनाएं दिनांक 8 अप्रेल 2020 एवं 13 अप्रेल 2020 (संयुक्त रूप से "MCA circulars" के रूप में परिभाषित) तथा भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड ('SEBI') की अधिसूचना दिनांक 12 मई, 2020 के अनुसरण में, कम्पनी द्वारा 28वीं साधारण सभा तथा 2019-20 की वार्षिक रिपोर्ट 05 अगस्त, 2020 को इलेक्ट्रोनिक माध्यम द्वारा उन अंशधारकों, जिनके ई-मेल आईडी कम्पनी या रजिस्ट्रार व ट्रांसफर एजेन्ट तथा डिपॉजिटरी पार्टिसिपेन्ट्स के पास पंजीकृत है, भेज दी गई हैं। साधारण सभा के नोटिस की भौतिक प्रतियां व वार्षिक रिपोर्ट को भेजने की अनिवार्यता MCA अधिसूचना एवं सेबी अधिसूचना द्वारा हटा दी गई है। कम्पनी की 2019-20 की वार्षिक रिपोर्ट, अन्य विषयों, सूचना व व्याख्यात्मक घोषणा सहित कम्पनी की वेबसाईट **http://www. uniqueorganics.com/investor/annual-report/** पर तथा स्टॉक एक्सचेंजज वेबसाईट्स यथा **www.bseindia.com** पर उपलब्ध है। इसकी एक प्रति नेशनल सिक्योरिटी डिपाजिटरी लिमिटेड ('NSDL') की वेबसाईट **www.evoting.nsdl.com** पर भी उपलब्ध है।

रिमोट ई-वोटिंग : कम्पनी अधिनियम, 2013 (अधिनिमय) की धारा 108, सपठित कम्पनी (प्रबन्ध एवं प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20, समय-समय पर संशोधित, साधारण सभाओं हेतु सचिवीय मानक ('एसएस-2') भारतीय कम्पनी सचिव संस्थान तथा सेबी (सूचीबद्धता अनिवार्यता एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के नियम 44 के अन्तर्गत, कम्पनी द्वारा इसके सदस्यों को AGM से पूर्व तथा AGM के समय AGM में लिये जाने विषयों हेतु रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा दी गई है, कम्पनी द्वारा इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से वोटिंग सुविधा उपलब्ध कराने हेतु NSDL को नियुक्त किया गया है। रिमोट ई-वोटिंग हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश AGM की सूचना में दिये गये है। सदस्यगण कृपया निम्नलिखित को नोट करें :

(ए) रिमोट ई-वोटिंग मंगलवार, 25 अगस्त 2020 को प्रातः 9.00 (IST) बजे आरम्भ होगी एवं गुरुवार 27 अगस्त, 2020 को सायं (IST) 5.00 बजे समाप्त होगी। एनएसडीएल द्वारा रिमोट ई-वोटिंग माड्यूल निष्क्रिय कर दिया जायेगा।

(बी) सदस्यों के वोटिंग अधिकार शुक्रवार, 21 अगस्त, 2020 ('कट ऑफ तिथि') को कम्पनी के पेड अप समता अंश पूंजी में उनके अंश के अनुपात में होंगे। रिमोट ई-वोटिंग सुविधा सभा के दौरान भी उपलब्ध रहेगी एवं सभा में भाग लेने वाले सदस्य, जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से वोट नहीं डाला है, वे सभा के दौरान अपने मताधिकार का उपयोग कर सकेंगे। वे व्यक्ति जिनके नाम कट-ऑफ तिथि को सदस्य पंजिका/हितधारी स्वामियों की सूची में दर्ज होंगे, केवल वही AGM के दौरान/पूर्व रिमोट ई-वोटिंग सुविधा हेतु पात्र होंगे।

(सी) कोई भी व्यक्ति जो नोटिस प्रेषित किये जाने के बाद कम्पनी का सदस्य बनता है व कट-ऑफ को अंशधारक है, वह रिमोट ई-वोटिंग हेतु **evoting@nsdl.com** पर अनुरोध भेजकर, अथवा एनएसडीएल द्वारा उपलबध कराये गए टोल फ्री नं. 1800-222-990 पर सम्पर्क कर लॉग-इन आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। वह व्यक्ति जो कट-ऑफ तिथि को सदस्य नहीं है, वह AGM की सूचना को केवल जानकारी मात्र ही समझें ;

(डी) सदस्य जिन्होंने सभा से पूर्व रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट डाल दिये हैं, वे इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से सभा में भाग ले सकते हैं, लेकिन वे पुनः वोट डालने के पात्र नहीं होंगे।

(ई) AGM में VC/OAVM माध्यम से भाग लेने हेतु भी ई-वोटिंग के यही लॉग-इन नियम अपनाये जा सकते हैं।

मेल एड्रेसेज का पंजीयन : वे सदस्य जिन्होंने अब तक अपने ई-मेल एड्रेस पंजीकृत नहीं कराये हैं, से अपने ई-मेल एड्रेस पंजीकृत कराने का अनुरोध है। डीमेट प्रारूप में अंश रखने वाले सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपने शेयर डिपाजिटरी पार्टिसिपेन्ट के पास तथा भौतिक प्रारूप में शेयर रखने वाले सदस्य ABS कंसल्टेन्ट प्राइवेट लिमिटेड ('RTA') के पास अद्यतन कराएं।

रिमोट ई-वोटिंग के संबंध में किसी भी जानकारी/शिकायत के लिए, आप फ्रीक्वेंटली आस्क्ड क्वेसशंस देखें अथवा **www.evoting.nsdl.com** के 'Downloads' सेक्शन पर सदस्यों हेतु उपलब्ध ई-वोटिंग यूजर मैन्यूअल देखें अथवा एनएसडीएल द्वारा नियुक्त श्री अमित विशाल या प्रबंधक, सुश्री पल्लवी म्हात्रे से ट्रेड वर्ल्ड, ए विंग, कमला मिल्स कम्पाउण्ड, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुम्बई-400013 से निर्धारित ई-मेल आईडीज evoting@nsdl.co.in या amitv@nsdl.co.in अथवा pallavid@nsdl.co.in अथवा फोन नं. +91 2224994360/4545/4738 अथवा टोल फ्री नं. 1800-222-990 पर सम्पर्क किया जा सकता है। सदस्य जिन्हें मीटिंग के पूर्व/दौरान AGM में पहुंच और भागीदारी हेतु तकनीकी सहायता की आवश्यकता है, वे श्री अमित विशाल, वरिष्ठ प्रबंधक, एनएसडीएल से amitv@nsdl.co.in पर या फोन/मोबाइल नं. +91 2224994360/+91 9920264780 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

सदस्यों से अनुरोध है कि वे कृपया AGM में VC/OAVM के माध्यम से जुड़ने, रिमोट ई-वोटिंग माध्यम से अपने वोट डालने हेतु विशेष रूप से, 28वीं AGM सूचना में अंकित नोट्स को ध्यानपूर्वक पढ़ें।

बुक क्लोजर : अतिरिक्त रूप से सूचित किया जाता है कि अधिनियम की धारा 91 तथा इसके अन्तर्गत निर्धारित नियमों के अन्तर्गत कम्पनी की सदस्य पंजिका एवं शेयर हस्तांतरण पुस्तिका 28वीं AGM के उद्देश्य से 22.08.2020 से 28.08.2020 (दोनों दिन सम्मिलित) तक बंद रहेंगी।

कृते **यूनिक ऑरगेनिक्स लिमिटेड**
स्थान : जयपुर ह/- **रामअवतार जाँगिड**
दिनांक : 05.08.2020 कम्पनी सचिव

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, **सम्पादक अमृत जैन के लिये,** यंगलीडर प्रेस से मुद्रित 2073, चाकसू का चौक, घी वालों का रास्ता, जौहरी बाजार, जयपुर से प्रकाशित। **मो. 9868155089, 9829193560 फोन नं. 0141-2570653 (RNI No. RAJHIN/2004/12833)**